भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 190

जिसका उत्तर दिनांक 07.12.2022 को दिया जाना है

राजस्थान में परमाणु ऊर्जा संयंत्र

190. श्री कनकमल कटारा :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बांसवाड़ा, राजस्थान में 2800 मेगावाट के एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र की स्थापना संबंधी प्रगति रिपोर्ट क्या है; और

(ख) उक्त परमाणु ऊर्जा योजना के निर्माण के लिए अब तक जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) माही बांसवाड़ा परियोजना में, लगभग 99% पुनर्वास और पुनःस्थापन (आर एंड आर) पुरस्कार वितरण सहित, भूमि अधिग्रहण कार्य प्रगति पर है। विभिन्न स्थलों की जांच, चाहरदीवारी का निर्माण और पुनर्वास और पुनःस्थापन (आर एंड आर) कॉलोनी के निर्माण का कार्य चल रहा है।

(ख) सितंबर 2022 तक परियोजना पर किया गया व्यय लगभग रुपए 547 करोड़ है।

*****